NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष : 05, अंक-155, पृष्ठ : 12 सोमवार, 03 अगस्त, 2026, मूल्य-03 रुपये मात्र

### आगरा में ऑनर किलिंग

# शादी से नाराज पिता ने की पुत्री की हत्या

**युवती का शव घर में मिला, पिता गिरफ्तार**

**मां,भाई की तलाश में पुलिस दे रही दबिश**

**आगरा।** प्रेम विवाह से नाराज परिवार द्वारा बेटी की हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सोमवार को जैतपुर कस्बे में सामने आया। 22 वर्षीय युवती का शव उसके घर में मिला। आरोप है कि पिता ने रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपित पिता को मौके से गिरफ्तार कर लिया, जबकि मां और भाई फरार हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया मामले को ऑनर किलिंग के नजरिये से भी जांच रही है। पुलिस के अनुसार युवती अंकिता ने 23 फरवरी 2026 को स्वजन की इच्छा के विरुद्ध भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के एक जवान से कोर्ट मैरिज की थी। शादी की जानकारी मिलने के बाद से परिवार में लगातार विवाद चल रहा था। स्वजन विवाह का विरोध कर रहे थे और युवती पर रिश्ता खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवती ने कुछ दिन पहले ही पड़ोसियों से अपनी जान को खतरा होने की आशंका जताई थी। उसने बताया था कि स्वजन उसके प्रेम विवाह से बेहद नाराज हैं। सोमवार को घर के भीतर से चीखने की आवाज सुनाई दी तो पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। मौके पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। कमरे से मिले साक्ष्यों को जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। पुलिस घटना के हर पहलू की पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम विवाह के विरोध से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपित पिता विमल शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरार मां और भाई की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



### कर्ज के बोझ तले बिखर गया परिवार

# तीन जिंदगियां खत्म

## सुसाइड नोट में छलका दर्द



**पुणे।** पिंपरी इलाके में एक ही परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आर्थिक तंगी से परेशान होकर परिवार ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। मृतकों की पहचान 50 वर्षीय विनोद पिल्लई, उनकी 45 वर्षीय पत्नी सिरजा पिल्लई और 19 वर्षीय बेटी पूर्णिमा पिल्लई के रूप में हुई है। विनोद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सिरजा और पूर्णिमा को गंभीर हालत में अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों ने भी दम तोड़ दिया।

इस दर्दनाक घटना का खुलासा तब हुआ, जब सिरजा पिल्लई अपने स्कूल नहीं पहुंचीं। वह एक स्कूल में कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत थीं। सहकर्मियों ने जब उनसे संपर्क करने की कोशिश की और कोई जवाब नहीं मिला, तो उन्हें चिंता हुई। इसके बाद उन्होंने परिवार के रिश्तेदारों को सूचना दी। रिश्तेदार जब घर पहुंचे तो तीनों अचेत अवस्था में मिले। सूचना मिलने पर संत तुकाराम नगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### घर से क्या-क्या मिला?

पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट और सोडियम नाइट्रेट से भरा एक कंटेनर मिला। शुरुआती जांच के अनुसार, विनोद पिल्लई ने यह रसायन ऑनलाइन मंगाया था। पुलिस का कहना है कि इस रसायन को जलाने से निकली जहरीली गैस पूरे कमरे में फैल गई, जिससे परिवार के तीनों सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस इस पूरे घटनाक्रम की वैज्ञानिक और फोरेंसिक जांच भी कर रही है।

### सुसाइड नोट में क्या लिखा था?

पुलिस के अनुसार, सुसाइड नोट में विनोद पिल्लई ने लिखा है कि परिवार लंबे समय से आर्थिक संकट से गुजर रहा था और इसी मजबूरी में उन्होंने यह कदम उठाया। उन्होंने यह भी लिखा कि इस घटना के लिए किसी अन्य व्यक्ति को जिम्मेदार न ठहराया जाए। पुलिस ने सुसाइड नोट को जांच के लिए सुरक्षित रख लिया है और उसकी सत्यता की भी पुष्टि की जा रही है।

### परिवार की आर्थिक स्थिति कैसी थी?

जांच में सामने आया है कि परिवार लंबे समय से भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ था। आर्थिक हालात इतने खराब हो गए थे कि करीब तीन वर्ष पहले उन्हें नेहरू नगर स्थित अपना घर बेचना पड़ा। इसके बाद से परिवार मोरवाड़ी इलाके में किराये के एक कमरे में रह रहा था। पुलिस अब परिवार की वित्तीय स्थिति, कर्ज और उससे जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से जांच कर रही है।

## BREAKING NEWS

### जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पारित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला विधेयक बिना चर्चा के सोमवार को लोकसभा में पारित किया गया। इस विधेयक के तहत सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सहित जजों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रावधान है।

### दतिया विधानसभा उपचुनाव - कांग्रेस को बढ़त

**भोपाल/दतिया।** नौवें राउंड की मतगणना के बाद कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। वे भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी से 9,519 वोटों से आगे चल रहे हैं। नौवें राउंड में कांग्रेस को 6,694 और भाजपा को 3,758 वोट मिले।

### ईरान में भारत के नए राजदूत होंगे विश्वेश नेगी

नई दिल्ली। भारत सरकार ने 2002 बैच के आईएफएस अधिकारी विश्वेश नेगी को ईरान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हुई है। इसके साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरानी समकक्ष से बातचीत कर संवाद, कूटनीति और समुद्री सुरक्षा पर भारत का रुख दोहराया।

# केरल में नहीं थम रही बारिशः पूरे राज्य 'येलो अलर्ट' जारी

**नई दिल्ली।** केरल में मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। एहतियात के तौर पर ज़िला प्रशासन ने सोमवार को राज्य के नौ जिलों में सभी शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित कर दिया है। लगातार हो रही बारिश और मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए कासरगोड, कन्नूर, कोझिकोड, वायनाड, मलप्पुरम, त्रिशूर, इडुक्की, कोट्टायम और पथानामथिट्टा के ज़िला प्रशासन ने सोमवार को सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का फैसला लिया है। जिला प्रशासन का कहना है कि मौजूदा मौसम की गंभीर स्थिति और अगले कुछ घंटों तक भारी बारिश की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह आदेश संबंधित ज़िलों के प्रशासनिक दायरे में आने वाले स्कूलों, कॉलेजों और अन्य सभी शिक्षण संस्थानों पर लागू होगा। अधिकारियों ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षण संस्थानों से अपील की है कि वे केवल आधिकारिक घोषणाओं पर ही भरोसा करें। मौसम और जमीनी हालात के अनुसार स्थानीय स्तर पर प्रतिबंधों या आदेशों में बदलाव किया जा सकता है। अलाप्पुझा जिले में प्रशासन ने उन स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए भी छुट्टी घोषित की है, जिनके शिक्षण संस्थान फिलहाल राहत शिविर के रूप में संचालित किए जा रहे हैं। बाढ़ की आशंका को देखते हुए चेंगन्नूर और कुट्टानाड तालुकों में सोमवार को सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। इन दोनों तालुकों में स्कूल, कॉलेज, प्रोफेशनल कॉलेज, आंगनवाड़ी केंद्र और ट्यूशन सेंटर सभी बंद रहेंगे। चेंगन्नूर और कुट्टानाड उन क्षेत्रों में शामिल हैं, जहां लंबे समय तक जारी रहने वाली मॉनसून की बारिश के दौरान बाढ़ और जलभराव की स्थिति अक्सर गंभीर रूप ले लेती है। रविवार को भी केरल के कई हिस्सों में लगातार बारिश होती रही, जिससे पहले से जलभराव और बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की चिंता और बढ़ गई है। अधिकारी नदियों के जलस्तर के साथ-साथ निचले और पहाड़ी इलाकों की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। आशंका है कि यदि बारिश का दौर जारी रहा तो कई स्थानों पर बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं सामने आ सकती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) ने सोमवार के लिए केरल के सभी 14 जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी किया है। इसका मतलब है कि राज्य के कई इलाकों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान कुछ इलाकों में 7 सेंटीमीटर से 11 सेंटीमीटर तक वर्षा दर्ज की जा सकती है।

